लोक सभा अध्यक्ष ने ‘भारत पर्व -2021’ का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, 26 जनवरी, 2021 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित ‘भारत पर्व -2021’ का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने आरम्भ में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। भारत के लोकतंत्र की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि सात दशक से भी लंबी यात्रा में हमारा लोकतंत्र परिपक्व, मज़बूत और प्रभावी हुआ है।

पर्यटन क्षेत्र के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हम पर्यटन और संस्कृति के माध्यम से पूरे देश को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस देश का कोई ऐसा राज्य या जिला नहीं है जहाँ पर कोई विशेषता न हो। उन्होने यह भी कहा कि इन विशेषताओं के कारण ही भारत, देश-विदेश के पर्यटकों में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र है।

‘भारत पर्व’ कार्यक्रम के बारे में श्री बिरला ने कहा कि 'भारत पर्व' के माध्यम से मंत्रालय ने भारत के पर्यटन, आध्यात्मिक एवं अन्य गतिविधयों को एक साथ एक मंच पर लाने का कार्य किया है।

कोरोना महामारी से आई विपदा के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि टूरिज़्म सेक्टर के लिए सबसे बड़ी चुनौती का समय कोरोना का समय था। उन्होंने आगे कहा कि इस चुनौती के बाद भी पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों ने चुनौती को अवसर में बदलने का कार्य किया। भारत में पर्यटन क्षेत्र की अपार संभावना के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र ही ऐसा क्षेत्र हैं जहाँ सबसे ज्यादा लोगों को रोज़गार मिलता है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि यदि हमें सामाजिक-आर्थिक परिस्थितयों को बदलना है तो हमें टूरिज्म सेक्टर को बढ़ाना होगा। राज्यों की भूमिका की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि हर राज्य ने पर्यटन एवं अध्यात्म से जुड़े हुए स्थलों को डेवलप करने की दिशा में काम किया है।